# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक: 3797 /अका./का.प./2015 रायपुर, दिनांक : 15/06/2015

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बारहवीं* बैठक बुधवार, दिनांक 10.06.2015 को अपराह्न 3.00 बजे कुलपति कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति – अध्यक्ष
2. डॉ.. रोहिणी प्रसाद – सदस्य
3. डॉ. एम.डब्ल्यू.वाय. खान – सदस्य
4. डॉ. भगवंत सिंह – सदस्य
5. डॉ. एस.सी. नैथानी – सदस्य
6. डॉ. (श्रीमती) रमा पाण्डेय – सदस्य
7. डॉ. पी.सी. अग्रवाल – सदस्य
8. डॉ. आर. बाला सुब्रमनियन – सदस्य
9. श्री एस.के. चक्रवर्ती – सदस्य
10. प्रोफेसर दिनेश मारोठिया – सदस्य
11. श्री ललित सुरजन – सदस्य
12. श्री श्रीचंद सुंदरानी – सदस्य
13. श्री नवीन मार्कण्डेय – सदस्य
14. श्री सत्यनारायण शर्मा – सदस्य
15. श्री के.के. चन्द्राकर, कुलसचिव – सचिव

**कार्यवृत्त :**

01. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 11.05.2015 एवं आपात बैठक 29.05.2015 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय : विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 11.05.2015 एवं आपात बैठक 29.05.2015 के कार्यवृत्त की संपुष्टि प्रदान की गई।**

02. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 11.05.2015 एवं 29.05.2015 बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन सूचनार्थ पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा।

**निर्णय : विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 11.05.2015 एवं 29.05.2015 के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई।**

03. साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत लैंग्वेज लैब के लिए DGS&D दर पर 20 नग कम्प्यूटर क्रय करने के लिए विभागीय एवं केन्द्रीय क्रय समिति की अनुशंसा के अनुमोदन पर विचार करना।

निर्णय : **साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत लैंग्वेज लैब के लिए DGS & D दर पर 20 कंप्यूटर क्रय करने के लिए विभागीय एवं केन्द्रीय क्रय समिति की अनुशंसानुसार फर्म, HCL Infosystem Ltd. Noida के अधिकृत डीलर मेसर्स, विनायक इंटरप्राइजेस, तेलीबांधा, रायपुर से रुपए 7,42,686/– (रुपए सात लाख बयालीस हजार छः सौ छियासी मात्र) टैक्स सहित का अनुमोदन करते हुए भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।**

04. श्री नंद कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त पटवारी को दिनांक 25.04.2015 से 24.10.2015 (छः माह) तक के लिए संविदा नियुक्ति प्रदान किए जाने पर विचार करना।

निर्णय : **श्री नंद कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त पटवारी को दिनांक 25.04.2015 से 24.10.2015 (छः माह) तक के लिए संविदा नियुक्ति प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

05. छ.ग. शासन के नियमानुसार संविदा आधार पर संचालक महाविद्यालय विकास परिषद् के पद पर डॉ. विभूति राय, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, जैविकी की सेवाएं एक वर्ष वृद्धि करने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद् की सेवा वृद्धि के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद् की नियुक्ति संबंधी नियम के साथ प्रस्तुत किया जाय।**

06. विभागाध्यक्ष के पद के लिये चयन समिति की अनुशंसा, बंद लिफाफा के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **विभागाध्यक्ष के पद के लिये चयन समिति की अनुशंसानुसार निम्नलिखित महाविद्यालयों के नाम के समक्ष उल्लेखित व्यक्तियों की नियुक्ति का अनुमोदन किया गया :**

विभागाध्यक्ष शिक्षा –

1. **के.डी. रूंगटा कालेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नालॉजी, भिलाई – डॉ. अजय आर्य**
2. **शैल देवी महाविद्यालय, ग्राम–अण्डा, जिला–दुर्ग – डॉ. जसबीर कौर**

## पूरक विषयसूची

01. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 09.06.2015 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 09.06.2015 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।**

02. प्लेटिनम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, आशीर्वाद टावर, जी.ई. रोड, रायपुर के परिवर्तित स्थान में महाविद्यालय संचालन हेतु समय–सीमा में वृद्धि के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **प्लेटिनम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, आशीर्वाद टॉवर, जी.ई. रोड, रायपुर के परिवर्तित स्थान में महाविद्यालय संचालन हेतु समयसीमा में पुनः एक वर्ष वृद्धि हेतु प्रस्ताव अमान्य किया गया।**

03. विद्युत मंडल द्वारा प्रस्तुत डिमांड नोट रू. 6,31,751/– (छः लाख इकत्तिस हजार सात सौ इंक्यावन रूपए) के भुगतान की स्वीकृति के सबंध में विचार करना।

निर्णय : **प्रशासनिक भवन के पीछे अकादमिक स्टॉफ कॉलेज भवन के लिए ट्रांसफार्मर एवं विद्युत कनेक्शन के संबंध में विद्युत मंडल द्वारा प्रस्तुत डिमांड नोट रुपए 6,31,751/– (रुपए सात लाख इकतीस हजार सात सौ इक्यावन मात्र) के भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।**

04. लोक निर्माण विभाग द्वारा डिपाजिट वर्क के अंतर्गत कराए जा रहे बायोटेक्नालॉजी विभाग भवन एवं विश्वविद्यालय के चारों ओर बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य की शेष राशि भुगतान हेतु विचार करना।

निर्णय : **लोक निर्माण विभाग द्वारा द्वारा डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत कराए जा रहे कार्योपरांत उनके द्वारा बायोटेक्नॉलॉजी भवन के लिए मांग की गई शेष राशि रुपए 42.18 लाख एवं विश्वविद्यालय परिसर के बाउंड्रीवॉल के लिए मांग की गई राशि रुपए 68.83 लाख भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई।**

05. स्टेनोग्राफर को पदोन्नति प्रदान किये जाने के संबंध में विनियम 91 में प्रावधान किये जाने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **स्टेनोग्राफर को पदोन्नति प्रदान किये जाने के संबंध में विनियम 91 में प्रावधान हेतु प्रकरण पुनः परीक्षण कर प्रस्तुत किया जावे।**

06. प्राचार्य के पद के लिये चयन समिति की अनुशंसा, बंद लिफाफा के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **प्राचार्य पद के लिए चयन समिति की अनुशंसानुसार निम्नलिखित महाविद्यालयों में उनके नाम के समक्ष उल्लेखित व्यक्तियों की नियुक्ति का अनुमोदन किया गया :**

प्राचार्य –

1. जगद्गुरू शंकराचार्य कालेज आफ एजुकेशन, आमदी नगर, हुडको, भिलाई – **डॉ. बीना सिंह**
2. शाम्भवी स्कूल आफ एजुकेशन, धुसेरा, रायपुर – **डॉ. बलराम प्रसाद झारिया**

अध्यक्ष के अनुमति से अन्य प्रकरण :

01. **विश्वविद्यालय परीक्षा में गोपनीय कार्य के लिए कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 2.2.2015 में अनुमोदित मुद्रक द्वारा कार्योपरांत प्रस्तुत देयक की स्वीकृत प्रदान की गई।**

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् कार्यवाही संपन्न हुई।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ. क्रमांकः 3798/अका./का.प./2015 रायपुर, दिनांक : 15/06/2015

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. जनसम्पर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
4. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण,
5. समस्त प्रभारी अधिकारी
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,

पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**उप कुलसचिव (अका.)**